हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार, 8 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

12 पार्षदों ने पालिका कर्मियों की कार्यशैली व कार्यों की पारदर्शिता पर उठाए सवाल



12 देर रात बारिश से तापमान में गिरावट, सुबह छाई काली घटाएं



## खबर संक्षेप

### दो आरोपित अवैध हथियार सहित गिरफ्तार, गए जेल

**गोहाना।** क्राइम यूनिट गोहाना पुलिस टीम ने अवैध हथियार तस्करी की घटना में संलिप्त दो आरोपितों को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित कृष्ण पुत्र बिजेंद्र निवासी गांव रभड़ा व अंकुश पुत्र पवन निवासी गांव गुमाना हैं। 6 जुलाई को क्राइम यूनिट गोहाना की पुलिस टीम में नियुक्त सहायक उप निरीक्षक अनित कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त के दौरान गोहाना- खरखौदा रोड पर रभडा मोड पर मौजूद थे। तब उन्होंने खुफिया जानकारी के आधार पर नाकाबंदी गांव रभड़ा निवासी कृष्ण पुत्र बिजेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के पास से एक देसी पिस्तौल बराम किया। इस घटना में शस्त्र अधिनियम के तहत थाना सदर गोहाना में अभियोग दर्ज किया गया।

### युवक को अज्ञात वाहन ने चपेट में लिया, मौत

**सोनीपत।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे युवक को चपेट में ले लिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची कुंडली थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है। जांच अधिकारी एसआई कृष्ण कुमार ने बताया कि रात को सूचना मिली थी कि प्याऊ मनियारी के पास टीडीआई के सामने तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सड़क पार करते समय चपेट में ले लिया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। संदिग्ध हालत में मार्ग पर तैनात एंबुलेंस कर्मचारी उसे लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### प्रबंधन की तरफ से मरीजों की सुविधा के लिए मंगवाई गई बैटरी

# सर्वर डाउन की समस्या से मिली निजात, दोपहर बाद सर्वर हुआ चालू

74 बैटरी नागरिक अस्पताल में स्थापित, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुरथल पर दस बैटरी बदली गई, एक सप्ताह से बंद हो गया था सर्वर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

जिला नागरिक अस्पताल में एक सप्ताह से आई सर्वर डाउन की समस्या का समाधान सोमवार देर शाम हो दूर हो गया। प्रबंधन की तरफ से मरीजों की सुविधा के लिए सर्वर की समस्या को दूर करवा दिया गया है। सोमवार सुबह सर्वर को चलाने वाले बैटरी अस्पताल में पहुंच गई। कर्मचारियों की कड़ी मशक्कत के बाद देर शाम तक बैटरी स्थापित कर सर्वर को चालू कर दिया। हालांकि सुबह रजिस्ट्रेशन काउंटर व लैब की रिपोर्ट लेने के लिए अस्पताल में मरीजों की लंबी लाइनें लग रही है। एक सप्ताह से कर्मचारियों को मैनुअल तरीके से कार्य करने पर मजबूर होना पड़ रहा था। मरीजों को पर्ची बनवाने के लिए काउंटर के बाहर दो-दो घंटे का समय तक लग रहा था।

- नागरिक अस्पताल का लगभग 80 प्रतिशत कार्य ऑनलाइन प्रणाली पर करता है काम

बता दें कि नागरिक अस्पताल सोनीपत में दो सौ बेड की सुविधा मौजूदा समय में उपलब्ध है। वहीं अस्पताल में इस समय हर रोज दो हजार से ज्यादा की ओपीडी रजिस्ट्रेशन मरीजों का होता है। मौसम की मार व बीमारियों के चलते अस्पताल में मरीजों की भीड़ देखने को मिल रही है। नागरिक अस्पताल सोनीपत व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुरथल में विभाग की तरफ से मरीजों को सहूलियत देने के लिए ऑनलाइन प्रणाली का इस्तेमाल किया जाता है। अस्पताल में लगभग 80 प्रतिशत कार्य ऑनलाइन प्रणाली पर चलता है। करीब 25 दिन से सर्वर में खराबी आनी शुरू हो गई था। ऑनलाइन सुविधा देने वाली निजी कंपनी के कर्मचारियों ने इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया। जांच करने पर बैटरी खराब बताई गई। मामले को लेकर अस्पताल प्रबंधन को अवगत करवाया गया। जिसके बाद बैटरी खरीद कमेटी गठित कर बैटरी मंगवाई गई।




सोनीपत। रजिस्ट्रेशन काउंटर के बाहर जमा भीड़।



जांच करते हुए कर्मचारी

#### नागरिक अस्पताल में 74 तो 10 बैटरी मुरथल में स्थापित

अस्पताल व मुरथल में ऑनलाइन प्रणाली चलाने के लिए 84 बैटरी सर्वर पर लगाई जाती है। जिससे अस्पताल का रजिस्ट्रेशन काउंटर से लेकर लैब सैंपल, सैंपल रिपोर्ट, टेस्ट सहित ओपीडी रजिस्ट्रेशन चलता है। करीब एक सप्ताह पहले बैटरी खराब होने के चलते सर्वर बार-बार बिजली के कट लगने से चंडीगढ़ से बंद हो गया। सोमवार को बैटरी आने पर उन्हें स्थापित कर देर शाम पांच बजे के करीब सुविधा को फिर से शुरू कर दिया गया है।





सोनीपत। अस्पताल में पहुंची बैटरी व स्थापित की बैटरी।

#### मरिजों की सुविधा के लिए उठाया कदम

करीब एक सप्ताह पहले बैटरी खराब होने के चलते सर्वर की समस्या आ गई थी। प्रबंधन की तरफ से उच्च अधिकारियों के निर्देशों पर बैटरी खरीद करने के लिए कमेटी बनाकर बैटरी का ऑर्डर किया गया। सोमवार को बैटरी स्थापित कर सर्वर की समस्या से निजात मिल गई है। अस्पताल व मुरथल पीएचसी की ऑनलाइन सुविधा चालू हो गई है। मरीजों की सुविधा के लिए प्रबंधन की तरफ से हर आवश्यक कदम उठाया जाता है।

**-डा. संदीप लठवाल, मीडिया नोडल अधिकारी नागरिक अस्पताल सोनीपत।**



सोनीपत। एनआईआरसी की सोनीपत शाखा पदाधिकारियों के साथ नवनियुक्त सीए एवं अन्य।

## 159 ने दी थी परीक्षा, 41 हुए उतीर्ण, 22 बने सीए

- सीए का रिजल्ट आया, आईसीएआई की एनआईआरसी की शाखा में मनाई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

आईसीएआई की एनआईआरसी की सोनीपत शाखा में सोमवार को उत्साह का माहौल रहा। रविवार को आईसीएआई ने फाउंडेशन, इंटरमीडिएट और फाइनल परीक्षा के नतीजे बताए, जिसके बाद सोनीपत शाखा के अध्यक्ष, सीए विजय लठवाल ने छात्रों की सफलता पर बहुत ख़ुशी जताई।

सोनीपत से 159 छात्र फाइनल लेवल के लिए उपस्थित हुए, जिनमें से 42 सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हुए, जिनमें से 22 अब प्रतिष्ठित इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के सदस्य बन गए हैं। शुभम वर्मा ने परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त करके स्टार परफॉर्मर के रूप में उभरे। साहिल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, वंशिका वासु भारती और सीए सोनिया अरोड़ा ने संयुक्त तीसरा स्थान प्राप्त किया। सीए आंचल, सीए रजत मदान, सीए हिमांशु अग्रवाल, सीए विशाल गुप्ता, सीए श्वेता चौहान, सीए तुषार गुप्ता, सीए ख्वाहिश, सीए अंजलि गुप्ता, सीए वैशाली जायसवाल, सीए निशना खट्टर, सीए शिवानी सिंगला, सीए मुकेश कुमार, सीए शुभम मुसाफिर, सीए अंशु मित्तल, सीए नितीश गुप्ता, सीए आरती गर्ग, सीए निखिल चावला और सीए शुभम कुमार को भी बधाई दी गई, जो अब सभी प्रतिष्ठित संस्थान में शामिल हो गए हैं।

इंटरमीडिएट स्तर पर सोनीपत के 212 छात्रों में से 52 छात्र पास हुए। भरत ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि हरनैन सिंह और तनिषा क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। फाउंडेशन लेवल में सोनीपत के 177 छात्रों में से 27 ने सफलतापूर्वक परीक्षा पास की और इंटरमीडिएट लेवल के लिए पात्र हो गए। प्रज्ञा सांगवान ने पहला स्थान हासिल किया, जतिन दूसरे और जया मनोचा तीसरे स्थान पर रहीं।

सीए विजय लठवाल (अध्यक्ष), सीए राजेश रानी मलिक (उपाध्यक्ष), सीए अक्षय गर्ग (कोषाध्यक्ष) और सीए प्रतीक गुप्ता (आईटी और न्यूजलेटर समिति अध्यक्ष) के साथ शाखा में उपस्थित थे, उन्होंने मिठाई बांटी और बधाई दी।

## घर में आता था करंट, बिजली निगम को शिकायत देने के बाद भी नहीं हुआ समाधान

- शॉर्ट सर्किट के चलते मकान में लगी आग, सामान जलकर हुआ राख
- मकान मालिक ने बिजली निगम पर लगाया लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

शहर के देव नगर में स्थित मकान में करंट आने व समय पर समस्या का समाधान न करने के चलते शॉर्ट सर्किट से घर में आग लग गई। आग लगने से घर का सामान जलकर राख हो गया। मकान मालिक ने बिजली निगम पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पीड़ित ने आर्थिक मदद की मांग की है। मकान मालिक को आग लगने से काफी नुकसान हुआ है।

देव नगर निवासी लक्ष्मी ने देवनगर फिटर ग्रुप में करीब 25 दिन पहले घर पर हाई वोल्टेज बिजली सप्लाई आने की शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत पर समस्या का विवरण पूर्ण रूप से दिया गया था। बिजली निगम से कोई कर्मचारी उसके घर पर नहीं आया। बार-बार शिकायत को ग्रुप में भेजा गया। बिजली सप्लाई समस्या के चलते उसके घर में आग लग गई। जिससे घर का सारा सामान जल गया। घर में कमरों के अंदर रखा सामान व दरवाजे तक आग में जल गए। पीड़ित ने बताया बिजली विभाग की तरफ से उसके घर के छज्जे से कई तारों को बांध रखा है। जिसके चलते करंट उसके घर में आ रहा है। रविवार रात को करीब 12 बजे अचानक आग लग गया।





सोनीपत। घर में अलग-अलग हिस्सों में जला हुआ सामान।

### कावड़ यात्रा को लेकर रूट मैप जारी, बदले रूट

**सोनीपत।** पुलिस आयुक्त सोनीपत ने जिला पुलिस अधिकारीयों के साथ बैठक की। बैठक में आगामी कांवड़ यात्रा को लेकर किया विचार विमर्श किया गया। जिसके बाद रूट मैप जारी कर पुलिस अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस आयुक्त ने कहा कि दस जुलाई से 23 जुलाई तक कांवड़ यात्रा है। कांवड़ एक बहुत बड़ा धार्मिक आयोजन है। कांवड़ यात्रा एक पवित्र धार्मिक यात्रा है, इसका यही पवित्र स्वरूप रखा जाये। कांवड़ यात्रा की आड़ में उपद्रव बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सोनीपत पुलिस ने जिले में कांवड़ियों के प्रवेश के लिए तीन मुख्य मार्ग चिह्नित किए गए है। राजमार्ग संख्या-71 पानीपत–गोहाना–रोहतक मार्ग, नेशनल हाइवे 334 बी कांधला–बड़ौत–गढ़मुक्तेश्वर मार्ग व नेशनल हाइवे-44 मेरठ गाजियाबाद–कुंडली–दिल्ली मार्ग) इन मार्गों पर यात्रा के समय सभी भारी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे और यात्रा को निर्बाध बनाने के लिए अलग-अलग डाइवर्जन रूट तय किए गए हैं।

## शहर की सड़कों से खतरे हटाने में जुटा नगर निगम, गड्ढे भरने का कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

बरसात के मौसम में सड़कों पर बने जानलेवा गड्ढों से राहत दिलाने के लिए नगर निगम ने अभियान शुरू कर दिया है। इसके तहत 25-25 लाख रुपये के दो टेंडर जारी कर शहर की मुख्य सड़कों पर गड्ढे भरने का कार्य तेज़ी से किया जा रहा है। नगर निगम मेयर राजीव जैन ने खुद सेक्टर 15 स्थित डीएवी स्कूल के पास सड़क पर खड़े होकर कार्य की निगरानी की। इससे पहले पुरखास अड्डा से खिजर मकबरे वाली सड़क और शनि मंदिर के नीचे पुल के पास बड़े गड्ढे को भरने का काम भी पूरा किया गया।

मेयर ने बताया कि पूर्वी हिस्से में एजेंसी ने कार्य शुरू कर दिया है और पश्चिमी हिस्से में जल्द ही काम शुरू होगा। गड्ढों को कोल्ड बिटुमिन और बजरी से भरा जा रहा है, जिससे पानी का असर नहीं होगा और बरसात में भी मरम्मत संभव है।

खराब हो चुकी ओल्ड डीसी रोड की मरम्मत बरसात के बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा की जाएगी। इस बीच गड्ढे भरने का कार्य नगर निगम करवाएगा। नागरिक गड्ढों की सूचना हरपथ पोर्टल पर भेज सकते हैं। इसके अलावा, सूरी पेट्रोल पंप वाली गली की विशेष मरम्मत के लिए 85 लाख रुपये का टेंडर लगाया गया है, जिसमें सीवर मैनहोल ठीक कर सड़क का पुनर्निर्माण किया जाएगा।



सोनीपत। सड़कों पर गड्ढे भरने के काम का जायजा लेते हुए मेयर राजीव जैन।

### तेज रफ्तार टैंम्पू चालक ने दोपहिया वाहन को मारी टक्कर

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार टैंम्पू चालक ने दोपहिया वाहन को चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार युवक घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित टैंपू चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव मुकिनपुर निवासी राहुल कुमार ने बताया कि वह निजी कंपनी में नौकरी करता है। गत 23 जून को वह अपने दोस्त शिवाणु निवासी बागपत के साथ अपना पेपर देने के लिए कॉलेज में जा रहा था। करीब सवा एक बजे वह गढ़ी शहजानपुर नर्सरी के पास पहुंचा।



सोनीपत। लघु सचिवालय के बाहर लालटेन लेकर रोष प्रकट करते हुए प्रदर्शनकारी।

## बिजली बिलों व तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के खिलाफ लालटेन लेकर प्रदर्शन

**सोनीपत।** हरियाणा सरकार द्वारा बिजली बिलों में की गई बढ़ोतरी और बीपीएल कार्ड धारकों को मिलने वाले सरसों के तेल के रेट में 60 की वृद्धि के विरोध में जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने सोमवार को जिला उपायुक्त कार्यालय पर लालटेन और लाइट लेकर अनोखा प्रदर्शन किया। उन्होंने नायब तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि चुनाव से पहले भाजपा सरकार ने प्रदेशवासियों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा किया था, लेकिन अब उल्टे बिजली बिलों में भारी बढ़ोतरी कर दी गई है जिससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है।संजय बड़वासनिया ने आरोप लगाया कि सरकार लगातार जनविरोधी फैसले ले रही है। बीपीएल परिवारों के सरसों तेल में भारी बढ़ोतरी, चार लाख से अधिक बीपीएल कार्ड काटे जाना, किसानों को फसलों का उचित मूल्य न मिलना, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई और बिगड़ती कानून व्यवस्था से प्रदेश की स्थिति बदतर होती जा रही है।

### दो चरणों की दाखिला प्रक्रिया के बाद भी 50 प्रतिशत से अधिक सीटें हैं खाली

# महाविद्यालयों को अब ओपन काउंसिलिंग पर भरोसा

- दाखिला लेने का अंतिम दिन होने के बाद भी विद्यार्थियों ने नहीं दिखाया रुझान
- जिले में हैं 23 महाविद्यालय, 13 हजार 652 सीटों पर होना है दाखिला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

महाविद्यालयों में दाखिलों को लेकर जारी दौड़भाग सोमवार को बिना किसी भगदड़ के समाप्त हो गई। महाविद्यालयों में दूसरी मेरिट लिस्ट में पहले ही नाममात्र विद्यार्थियों को शामिल किया गया था, उसमें से भी बहुत कम संख्या में विद्यार्थी ही दाखिला लेने पहुंचें। पहले चरण में जिन विद्यार्थियों के नाम शामिल थे, उनमें से केवल 50 प्रतिशत विद्यार्थियों ने ही दाखिला लिया था। इसके बाद दूसरी लिस्ट में नाम आने वाले विद्यार्थियों में से 20 प्रतिशत ने ही दाखिला लिया। इस तरह से कॉलेजों में 50 प्रतिशत से अधिक सीटें अभी खाली हैं। ऐसे में कालेज प्रबंधन की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। सभी कालेज प्रबंधन को अब दो दिन बाद शुरू होने वाली ओपन काउंसिलिंग से ही सीटें भरने की आस है। उच्चतर शिक्षा विभाग की तरफ से कालेजों में दाखिले के लिए 19 मई से आनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की थी जो 16 जून तक जारी रही। जिले के 23 राजकीय, निजी व एडिड महाविद्यालयों में 13562 सीटों पर दाखिले के लिए पंजीकरण प्रक्रिया संपन्न होने के बाद 26 जून को पहली और तीन जुलाई को दूसरी मेरिट लिस्ट जारी की गई थी। दोनों मेरिट लिस्ट में कालेज की निर्धारित सीटों के मुकाबले करीब 50 फीसदी से भी कम विद्यार्थियों का नाम शामिल किया गया। हैरानी की बात तो यह है कि इन विद्यार्थियों में से भी करीब आधे विद्यार्थियों ने ही दाखिला लिया है, ऐसे में कालेज प्रबंधन की मुश्किलें बढ़ती जा रही है।



#### आधी सीटें खाली

*दो चरणों की दाखिला प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है, लेकिन अभी तक आधी सीटों पर भी दाखिले नहीं हुए हैं। ऐसे में अब कालेजों को ओपन काउंसिलिंग से ही आस है। नौ जुलाई को ओपन काउंसिलिंग की जाएगी, जिसमें ऐसे विद्यार्थी दाखिला ले सकेंगे, जिन्होंने पंजीकरण तो करवाया है, लेकिन किन्हीं कारणों से दाखिला नहीं ले पाए थे। 10 जुलाई को नए विद्यार्थियों के लिए पोर्टल खोला जाएगा।*

***-प्रो. नरेश कुमार, प्राचार्य, राजकीय महिला महाविद्यालय, सोनीपत***

#### कितने विद्यार्थियों का हुआ दाखिला

| कालेज | नाम आए | दाखिला |
|---|---|---|
| जीवीएम कन्या महाविद्यालय | 424 | 220 |
| हिंदू महाविद्यालय | 438 | 185 |
| हिंदू कन्या महाविद्यालय | 250 | 160 |
| राजकीय महिला महाविद्यालय, सोनीपत | 200 | 130 |
| राजकीय महाविद्यालय, बड़ौता | 175 | 90 |
| छोटूराम आर्य महाविद्यालय, सोनीपत | 420 | 143 |

**नोट : नाम आए से अर्थ मेरिट लिस्ट में शामिल होने वाले विद्यार्थियों से है।**

#### ओपन काउंसिलिंग से हैं उम्मीदें

कालेजों में दाखिले की तरफ विद्यार्थियों के कम होते रुझान को देखते हुए विशेषज्ञों का कहना है कि सेंट्रल यूनिवर्सिटी एलिजिबिलिटी टेस्ट सीयूईटी के चलते ही विद्यार्थी अब तक जिले के कालेजों का रुख नहीं कर रहे थे। सीयूईटी की लिस्ट जारी हो चुकी है। जिन विद्यार्थियों का नंबर नहीं आया है, वह अब जिले के कालेजों में दाखिले लेने के लिए पहुंचेंगे। ऐसे में नौ जुलाई को होने वाली ओपन काउंसिलिंग में विद्यार्थियों की भीड़ जुटने की उम्मीद है।

हरिभूमि
रोहतक,मंगलवार
8 जुलाई 2025

# सहेली



# जीवन को दिशा देती है बुजुर्गों की सलाह

जीवन में जब भी आप उलझनों में फंस जाएं, समस्याओं से घिर जाएं और समझ में ना आए कि क्या करें, तो ऐसे समय में अपने बड़े-बुजुर्गों के पास जाएं, उन्हें अपनी समस्याएं बताएं, वे बहुत अपनेपन से आपकी बात सुनेंगे, समस्याओं से निकलने का रास्ता बताएंगे। उनके जीवन अनुभव आपके लिए बहुत अनमोल साबित होंगे।

कवर स्टोरी

डॉ. मोनिका शर्मा

बड़ों का आशीर्वाद ही नहीं, उनकी सलाहें भी अनमोल होती हैं। छोटी हो या बड़ी, हर उलझन-समस्या में उनका मार्गदर्शन मददगार बनता है। सहज रूप से नई पीढ़ी को सही दिशा दिखाता है। उनके अनुभव प्रैक्टिकली जिंदगी से मिलवाते हैं। आम-सी सलाह भी जीवन के लिए बहुत मूल्यवान होती है। बरसों जिंदगी से जूझकर जुटाए गए अनुभव और सुख-दुःख को जीते हुए सीखे अनगिनत सबक, नई जेनरेशन की जिंदगी को सही दिशा में आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

## अनुभव से सबक

बुजुर्गों ने अपनी जिंदगी में हर तरह के हालात से जुड़े अनुभवों को जीया होता है। सरवाइवल के सूत्रों को खुद समझा होता है। सहज हो या चुनौतीपूर्ण, परिस्थितियां बहुत से सबक सिखाकर जाती हैं। ऐसे में संचित समझ और ज्ञान की पूंजी से भरी उनकी झोली नई पीढ़ी का मार्गदर्शन कर सकती है। जीवन के हर पहलू पर उनसे मिली सलाह सही दिशा दिखा सकती है। रिश्तों और करियर से लेकर व्यक्तित्व विकास, सही फैसले लेने और खुद को थामने के मोर्चे पर बड़ों का दृष्टिकोण अहम होता है। जो हर जटिल परिस्थिति में जादू-सा बन मन को दिशा दे जाता है। ऐसे अनमोल सबक किताबों में नहीं मिलते। ना ही हर ओर छाई रील्स और वीडियोज जिंदगी के संघर्षों को जीकर जुटाए गए इस तजुर्बे की बराबरी कर सकते हैं।

## सहजता का भाव

'लेट गो, छोड़ो, जाने दो या भूल जाओ' यह सलाह बड़ों की बातों में अवश्य शामिल होती है। असल में जीवन भर की उलझनों में अपनी ऊर्जा और समय लगा चुके बुजुर्ग इस सच को समझ चुके होते हैं कि अपने आप के प्रति भी सहजता का भाव जरूरी है। मन दुखाने वाली बातों को पकड़कर बैठ जाना असल में खुद को ही दुख देता है। ऐसी चीजों को जाने देना ही सही है। इसीलिए बड़े हमेशा समझाते हैं कि तकलीफदेह बातों को मत पकड़ो। मन में पलता द्वेष या शिकायतें, आज ही नहीं आने वाले कल में भी खुद को ही चोट पहुंचाते हैं। समय और स्थिति बदल जाती है पर मन के कोने में दबा दुख, आक्रोश या दुर्भाव सदा के लिए ठिकाना बना लेता है। हमारे बड़े-बुजुर्ग उम्र के इस पड़ाव पर पहुंचने के बाद याद करते हुए कहते ही हैं कि 'मुझे यह नहीं करना था' या 'किसी अपने से दूर नहीं होना था' पीछे छोड़े जीवन में जो बातें, निर्णय या शब्द उनके लिए आज अपराधबोध का कारण बन रही हों, वे उनसे बचने की समझ का पाठ जरूर पढ़ाते हैं। इसी के चलते हर हाल में सहज रहने की सलाह देना वे कभी नहीं भूलते।



### खुलकर जीने की सलाह

जिंदगी की आपा-धापी में जीना ही भूल जाने की गलती करने वाले युवाओं को बुजुर्ग खुलकर जीने की सलाह भी देते हैं। अच्छा-बुरा वक्त जीवन भर दस्तक देता रहता है। लोग मिलते-बिछुड़ते हैं। जिम्मेदारियां भी निभानी ही होती हैं। ऐसे में सारा वक्त फिक्र करने में नहीं लगाया जा सकता है। डरकर जिंदगी को नहीं जिया जा सकता। हमारे बड़ों ने बहुत से हालातों से गुजरने के बाद यही समझा होता है कि बात-बात में भयभीत होने का कोई अर्थ नहीं। जीवन की अपनी गति है। उसके साथ सहजता से चलते रहना ही सही तरीका है। यही कारण है कि हमारे बुजुर्ग सामाजिक-पारिवारिक माहौल से जुड़ने की सलाह भी देते हैं। भारतीय समाज में तो घर बसाने के मामले में बुजुर्गों की सलाह आज भी सबसे अहम मानी जाती है। बड़े भी अपने अनुभवों से सावधानी के साथ अपना जीवन साथी चुनने की ना केवल सलाह देते हैं बल्कि चुनाव में मदद भी करते हैं। जिसके साथ जीवन बिताना हो, उसके बारे में व्यावहारिक धरातल पर सब कुछ जानने-समझने की समझाइश देते हैं। सोशल-फैमिली फ्रंट पर आज के बदलते दौर में बड़ों की एडवाइस बहुत कारगर साबित होती है।



## स्वास्थ्य सहेजने का सुझाव

अपने शरीर की देखभाल करने का सुझाव बड़े-बुजुर्ग बहुत गंभीरता से देते हैं। सेहत सहेजने के लिए समय रहते सजग होने का पाठ पढ़ाते हैं। अपने स्वास्थ्य की संभाल को लेकर की गई अनदेखी या किसी गलती का उदाहरण भी देते रहते हैं। वे नहीं चाहते कि नई पीढ़ी बीमारी के बारे में देर से जानने या सही समय पर अवेयर न होने की गलती करे। इसीलिए एक्टिव रहने, बुरी आदतों से बचने और नियमित जांच करवाने की सलाह बड़े-बुजुर्ग देते हैं। छोटी सी गलती का खामियाजा कितना बड़ा हो सकता है, वे देख चुके होते हैं। इसीलिए नई पीढ़ी को अपने स्वास्थ्य से जुड़ी परंपरागत चीजों की जानकारी भी देते रहते हैं। हम यह बात जोर देकर कहेंगे कि समय निकालकर अपने बुजुर्गों के पास बैठें। उनकी बातें सुनना जीवन के एक भरे-पूरे खजाने को खंगालने जैसा है। इसी खजाने से आपको जीवन जीने का सलीका सिखाने वाली सलाहों के अनमोल मोती मिलेंगे। ❀

---

हर इंसान अपने करियर में कामयाब होना चाहता है। वह इसके लिए प्रयास भी करता है, लेकिन बाधाएं भी आती हैं। इन बाधाओं से कभी हताश-निराश ना हों। हम आपको बता रहे हैं, बाधा को दूर करने के लिए आप कौन से कारगर उपाय अपनाएं।

# ऐसे दूर करें बाधाएं सफलताएं चूमेंगी कदम

सक्सेस फंडा

शिखर चंद जैन



कई बार आप जब कुछ करने वाली होती हैं तो आपका मन विचलित हो जाता है, काम से ध्यान हट जाता है, काम आगे नहीं बढ़ पाता। आपकी मानसिक स्थिति आपको आगे नहीं बढ़ने देती। अगर आपके साथ भी ऐसा हो रहा है तो ध्यान दीजिए और कुछ सामान्य उपाय अपनाइए ताकि बाधाएं दूर हों। आपका काम सुचारु रूप से आगे बढ़े। आप सफलता अर्जित करें।

**जब काम में ना लगे मन:** कई बार जब हम कोई काम शुरू करते हैं तो हमारा मन नहीं लगता, ऊब-सी होती है या मन इधर-उधर भटकता है। ऐसी स्थिति में आप सबसे पहले वह काम शुरू करें, जिसमें आपकी रुचि ज्यादा हो। इस काम को पूरा होने का दृढ़ संकल्प लें। इससे आपके मन में एक नई ऊर्जा जागृत होगी।

**आत्मानुशासन है जरूरी:** जीवन में बाधाएं आपको पग-पग पर मिलेंगी। आप उन पर नियंत्रण नहीं कर सकतीं, लेकिन अपनी प्रतिक्रिया और अपने मन पर अवश्य नियंत्रण रख सकती हैं। लाइफ में सेल्फ डिसीप्लीन भी जरूरी है। आपकी इच्छा शक्ति इतनी प्रबल होनी चाहिए कि अगर कुछ करने की योजना बना ली है तो उसे किसी भी कीमत पर टालना नहीं है।




**योजना और लक्ष्य के साथ बढ़ें:** बिना योजना बनाए और बिना किसी लक्ष्य के आगे बढ़ना ऐसा ही है, जैसे ट्रेन में बैठ गए लेकिन पता नहीं है कि पहुंचना कहां है? जाहिर है, आपको अपने टारगेट का पता नहीं होगा तो आपका ध्यान इधर-उधर भटकेगा ही। वहीं जब आप योजना और लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेंगी तो आपको अपने एक-एक कदम की जानकारी रहेगी कि आप क्या कर रही हैं और आगे क्या करना है? ऐसे में आपका ध्यान पूरी तरह अपने काम पर केंद्रित रहेगा। अगर बाधाएं आती भी हैं तो आप उन्हें पार करती चली जाएंगी।

**लोगों से लें सलाह:** समस्याएं और बाधाओं के आने पर कभी घबराएं नहीं, संयत रहें। अपने आस-पास मौजूद अनुभवी लोगों, इष्ट मित्रों या परिजनों की सलाह और मदद लें। उन्हें अपनी स्थिति और समस्याओं के बारे में बताएं और उन्हें सुलझाने का उपाय पूछें। कई बार जब आप विभिन्न लोगों से राय लेती हैं तो उनकी राय भले पसंद ना आए, लेकिन उनके आधार पर आपके दिमाग में कोई नया आइडिया आ सकता है।

**नए तरीके आजमाएं:** कई बार जब हम लगातार अड़चनों से घिरने लगते हैं, अपने काम से संतुष्ट नहीं होते तो एंजायटी और सेल्फ डाउट हम पर हावी हो जाता है। ऐसी स्थिति में हम अंतर्मुखी होने लगते हैं। छोटी-छोटी बाधाएं भी हमें बड़ी लगने लगती हैं। नतीजतन हम चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से डरने लगते हैं। ऐसे में हमें जीने और काम करने के नए तरीके आजमाने चाहिए।

**व्यवधान वाले लोगों से दूरी:** हम सबके जीवन में कुछ लोग ऐसे आ जाते हैं, जो व्यवधान, कलह और अशांति पैदा करते हैं। ऐसे लोगों को शीघ्र पहचान लें। अनसपोर्टिव और हमेशा डिस्टर्ब करने वाली रिलेशनशिप से जल्द से जल्द दूरी बना लें। यदि ऐसे लोग काफी नजदीकी रिश्तेदार हैं तो उनके साथ बहुत औपचारिक संबंध रखें।

**विश्वास रखें:** हम लक्ष्य तय करने की दिशा में आगे बढ़ते हैं तो कई प्रकार के व्यवधान आते ही हैं। किसी कारणवश ठिठकना या रुकना पड़ जाए तो घबराना नहीं चाहिए। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई कहते हैं, 'बाधाएं लक्ष्य प्राप्ति की प्रक्रिया का नैसर्गिक हिस्सा हैं। कई बार हमें अपने कामों के लिए दूसरों पर भी निर्भर होना पड़ता है। ऐसे में आपको उन पर भरोसा रखना होता है। साथ ही खुद पर भी भरोसा रखें।' अपनी बेहतरीन कोशिश करते समय याद रखें कि दुनिया आपके प्रदर्शन, कार्य-कौशल और जुनून को देख रही है। इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा, आपकी कामयाबी की राहें खुलती जाएंगी। ❀

---

परवरिश

दीपिका शर्मा

पहले बच्चे के बाद दूसरे बच्चे के जन्म होने पर दोनों नन्हे बच्चों का लालन-पालन मां के लिए आसान नहीं होता है। पहला बच्चा दूसरे के जन्म के बाद अपने आपको इग्नोर ना समझे, दोनों की परवरिश सही ढंग से हो, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखें।

# सेकेंड बेबी के आने पर बड़े को ना करें इग्नोर



अक्सर यह देखा जाता है, सेकेंड बेबी के आने पर पैरेंट्स अपने बड़े बच्चे की परवरिश में लापरवाही बरतने लगते हैं, वे पूरा ध्यान सेकेंड बेबी पर लगा लेते हैं। समय से पहले ही बड़े बच्चे को बड़ा होने का एहसास दिलाने लगते है, इस कारण बच्चे के कोमल मन-मस्तिष्क पर बुरा असर पड़ता है, इसलिए जरूरी है कि बच्चे की सही परवरिश पर ध्यान दें। अगर आप दूसरे बच्चे की प्लानिंग कर रहे हैं तो भी या आप दो बच्चों के पैरेंट्स हैं तो भी ऐसी गलतियां करने से बचें ताकि पहले बच्चे के मन में अपने सिबलिंग के लिए ईर्ष्या की भावना ना पैदा हो, अपने माता-पिता के प्रति उसके मन में नकारात्मक भाव जन्म ना लें।

**बड़ा होने का ना दें दबाव:** अधिकतर पैरेंट्स में मां ही बच्चों के साथ अधिक समय बिताती है। ऐसे में पहले बच्चे को बात-बात पर यह दबाव ना डालें कि वह छोटे बेबी के आने से बड़ा हो गया है, क्योंकि इससे बच्चे अपने आने वाले छोटे भाई-बहन के सामने खुद को इग्नोर-इंसिक्योर समझने लगते हैं।

**डालें शेयरिंग-केयरिंग की आदत:** सेकेंड प्रेग्नेंसी की शुरुआत से ही बड़े बच्चे में धीरे-धीरे शेयरिंग और केयरिंग की आदत डेवलप करना शुरू कर दें, क्योंकि अगर दूसरे बच्चे के आने के बाद पहले बच्चे की चीजें आप साझा करेंगी तो बच्चे के मन में यह बात आएगी कि वह अपने मम्मी-पापा के लिए इंपॉर्टेंस नहीं रखता, नया बेबी अब ज्यादा प्यारा है, ज्यादा इंपॉर्टेंस रखता है। इससे बच्चे में हीन भावना उत्पन्न होने लगेगी।

**बड़े बच्चे के साथ थोड़ा वक्त जरूर बिताएं:** माना कि घर में छोटा बच्चा है तो मां को बहुत से काम होते हैं, इस कारण वह बड़े बच्चे पर पूरा ध्यान नहीं दे पाती, लेकिन आपकी यह गलती बच्चे के मन में घर कर सकती है। उसके मन में हमेशा यही भाव रहता है कि मुझे कोई प्यार नहीं करता। वह घरवालों से कटने लगता है। उसे मूड स्विंग की भी परेशानी होने लगती है, इसलिए जरूरी है कि बड़े बच्चे के साथ थोड़ा वक्त जरूर बिताएं, उसके साथ हंसी-मजाक करें, उसके साथ थोड़ा खेलें, उसे सोने के समय कोई छोटी-सी कहानी सुनाएं और जागते समय दुलार करें। उसे एहसास दिलाएं कि आप उसको भी बहुत प्यार करती हैं।



**छोटे की गलती पर बड़े को ना डांटें:** कई बार मांएं, छोटे बच्चे के साथ खेलने या उसका ध्यान रखने की जिम्मेदारी बड़े को दे देती हैं और अगर उससे कोई भूल हो जाती है तो उसे डांटने लगती हैं। ऐसा करने से बड़ा बच्चा भावनात्मक रूप से बिल्कुल अकेला महसूस करता है। इसलिए कोई गलती करने पर भी बड़े बच्चे को डांटने या झिड़कने के बजाय जहां तक हो सके उसे प्यार से ही समझाएं।

**बड़े बच्चे के जन्म के समय की यादें बताएं:** जिस तरह आप अपने छोटे बेबी की केयर से जुड़े ढेरों काम करती हैं, इसी तरह आप बड़े बच्चे के भी काम उसके जन्म के समय करती थीं, इन बातों को उसे बताएं। उसकी शैतानियां या कैसे वो खाता था, इस तरह की छोटी-छोटी बातें उसके साथ साझा करें। इससे वो समझ पाएगा कि उसके छोटे भाई या बहन के लिए भी मां की केयर बहुत जरूरी है।

**बड़े बच्चे को प्रोत्साहित करें:** बच्चा अगर आपसे अपनी कोई बात कहना चाहता है तो उसकी सुनें या उसने कोई अच्छा काम किया है तो तारीफ कर प्रोत्साहित करें। ❀

---

मेकअप

सरिता गुप्ता

# बारिश के दिनों में ऐसा हो मेकअप

बारिश के दिनों में उमस और चिपचिपाहट के कारण मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखना बहुत मुश्किल हो जाता है। ऐसे में आप इन दिनों वाटरप्रूफ मेकअप प्रोडक्ट्स का ही यूज करें। ये मेकअप प्रोडक्ट्स आपके मेकअप को लॉन्ग लास्टिंग रखते हैं। इसके साथ ही हम आपको यहां कुछ ऐसे मेकअप टिप्स बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप बारिश के मौसम में भी खूबसूरत और फ्रेश नजर आएंगी।

**प्राइमर-फाउंडेशन:** इस मौसम में एक स्मूद मेकअप बेस बनाने और एक्सेस ऑयल को मैनेज करने में मदद करने के लिए मेकअप से पहले मैटिफाइंग प्राइमर लगाएं। यह मेकअप को लंबे समय तक बनाए रखने में मदद करता है। इसके साथ ही वाटरप्रूफ फाउंडेशन का यूज करें, जो आपकी स्किन पर पसीना नहीं आने देगा। ऐसा करने से आपकी स्किन ग्लो करेगी और आपको फ्रेश लुक मिलेगा।


**सेमी-मैट फिनिश लिपस्टिक:** बरसात के मौसम में आप सेमी-मैट फिनिश लिपस्टिक का चुनाव कर सकती हैं। इससे आपके होंठ रूखे नहीं लगेंगे। इसके अलावा आप अपनी पसंद के शेड में स्मज-प्रूफ और लंबे समय तक टिकने वाला लिप लाइनर चुनें। फिर होंठों पर टिंट या टिंटेड लिप बाम लगाएं ताकि होंठ मॉश्चराइज रहे और लिप मेकअप पानी में बहे नहीं।



**आई मेकअप प्रोडक्ट्स:** इस मौसम में हमेशा आई मेकअप के लिए वाटरप्रूफ प्रोडक्ट्स का ही यूज करें। सबसे पहले इसकी शुरुआत वाटरप्रूफ मस्कारा से करें, जिसे लगाने के बाद बारिश में भीगने पर भी आपकी आंखों की खूबसूरती बिल्कुल कम नहीं होगी। साथ ही आप काजल या आई लाइनर भी वाटरप्रूफ ही लगाएं।

**सेटिंग पावडर:** बारिश के मौसम में, मेकअप से पहले और बाद में चेहरा ऑयली नजर आने लगता है। लेकिन जब आप सेटिंग पावडर से उसे सेट कर देती हैं तो मेकअप एकदम मैट लुक देता है और फ्लॉलेस नजर आता है। यह मेकअप को इस मौसम में मेल्ट होने से बचाता है, इसलिए सेटिंग पावडर को अपनी मेकअप किट में जरूर शामिल करें।

**सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल:** मेकअप करने के सबसे बाद में मेकअप को लॉक करने के लिए सेटिंग स्प्रे अप्लाई करें। ये प्रोडक्ट ऐसा होना चाहिए, जो मैट-फिनिश लुक प्रदान करता हो और लंबे समय तक चलने वाला फार्मूला डिजाइन किया गया हो। इससे आपके मेकअप को नमी झेलने में मदद मिलेगी और आप लंबे समय तक फ्रेश नजर आएंगी। ❀



(मेकअप एक्सपर्ट रक्षा गुप्ता से बातचीत पर आधारित)

---

डाइट

राजकुमार 'दिनकर'

बारिश के मौसम में अनेक संक्रामक बीमारियों से बचने के लिए अपनी डाइट को लेकर एलर्ट रहना चाहिए। हम आपको बता रहे हैं कुछ ऐसे फल, सब्जियों के बारे में, जिन्हें इस दौरान खाने से बचना चाहिए।


# रेनी सीजन में इन्हें ना करें अपनी डाइट में शामिल

बारिश के दिनों में ज्यादातर लोग खान-पान में लापरवाही बरतने के कारण ही बीमार पड़ते हैं। यही वजह है कि इन दिनों डॉक्टर भी खाने-पीने में परहेज बरतने की सलाह देते हैं। इन दिनों विटामिन और मिनरल से भरपूर सब्जियां भी खराब मौसम के कारण हमारे लिए नुकसानदेह साबित होने लगती हैं, क्योंकि कई ऐसी सब्जियां होती हैं, जिनमें बैक्टीरिया बहुत तेज गति से बढ़ने लगते हैं और अगर हम उनका सेवन कर लेते हैं, तो वे हमारे लिए पाचन और पेट संबंधी समस्याओं का कारण बन जाती हैं। विभिन्न हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार हम आपको बता रहे हैं कि इस मौसम में कौन से ऐसे फल और सब्जियां हैं, जो जल्दी खराब होती हैं इसलिए इन्हें खाने से परहेज करना चाहिए।











**हरी सब्जियां:** बारिश के दिनों में पालक, मेथी, विभिन्न तरह के साग, धनिया, पुदीना, सलाद पत्ता जैसी हरी सब्जियों में ज्यादा नमी होने से बैक्टीरिया पैदा हो जाते हैं और पाचन संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। इनमें से कई सब्जियों में तो बारिश के दिनों में कीड़े भी पैदा हो जाते हैं। खेतों में पानी भरने के कारण इनमें गंदगी लग जाती है और इन्हें हम कितना भी साफ कर लें, इनमें बैक्टीरिया मौजूद रहते हैं। इसलिए बारिश के दिनों में हरी सब्जियां खाने से खास परहेज बरतना चाहिए।

**अंकुरित अनाज:** जैसा हम जानते हैं, किसी भी तरह के अनाज को अंकुरित करने के लिए पहले उसे 8-10 घंटे भिगोया जाता है और फिर उसके बाद उसे अंकुरित करने के लिए रखा जाता है। इस सारी प्रक्रिया में लंबे समय तक पानी या नमी के संपर्क में रहने के कारण और वातावरण में नमी होने के कारण अंकुरित अनाज जल्दी सड़ने लगते हैं। इनमें फंगस लगने का खतरा बढ़ जाता है। इनको अगर कच्चा खाया जाता है तो इनसे इंफेक्शन होने का खतरा रहता है। इसलिए इस मौसम में अंकुरित अनाज थोड़ा पकाकर खाएं।

**मशरूम:** बारिश के मौसम में मशरूम खाने से परहेज करना चाहिए। मशरूम को नमी वाले वातावरण में उगाया जाता है। इसमें पहले ही बैक्टीरिया होते हैं। नमी के कारण यह जल्दी खराब होने लगते हैं। इन्हें खाने पर डाइजेशन से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं।

**दही-छाछ:** बरसात के मौसम में लगातार दही और छाछ का सेवन नहीं करना चाहिए। क्योंकि इनमें बैक्टीरिया जल्दी पनपते हैं। आयुर्वेद में तो दही को बरसात के मौसम में खाने की मनाही होती है। क्योंकि यह पाचन संबंधी समस्या पैदा कर सकते हैं।

**सलाद:** सलाद में इस्तेमाल होने वाले खीरे, गाजर, मूली, चुकंदर जैसी कच्ची चीजों में कीड़े होने की आशंका रहती है। भले ही यह दिखने में खराब न लगें, लेकिन अंदर से खराब होने के कारण इन्हें खाने से इंफेक्शन का खतरा रहता है।

**सीफूड-मछली:** मानसून के दौरान मछली या प्रॉन खाने से बचना चाहिए, क्योंकि यह समय उनके प्रजनन का होता है और इससे फूड पॉइजनिंग होने का खतरा रहता है। बारिश के मौसम में नदियों और झीलों में पानी प्रदूषित होने से मछलियों के शरीर के ऊपर गंदगी जमा हो जाती है। ऐसे में इन मछलियों का सेवन करने से सेहत को भी नुकसान हो सकता है। ❀

## खबर संक्षेप

### जांबाज योद्धा थे कैप्टन विक्रम बत्रा : डॉ. सुरेश

**गोहाना।** सोमवार को शहर में पुराना बस अड्डा स्थित शहीद स्मारक पर कारगिल युद्ध के हीरो कैप्टन विक्रम बत्रा के 26वें शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नागरिकों ने कैप्टन विक्रम बत्रा के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। मार्गदर्शन आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी का रहा।

### हड़ताल को बनाएं सफलः बलबीर सिंह

**सोनीपत।** भवन निर्माण कारीगर मजदूरी यूनियन हरियाणा के महासचिव कॉमरेड बलबीर सिंह ने ब्यान जारी करते कहा कि केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी संगठनों के सांझा आह्वान पर 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने के लिए हमारी यूनियन इस हड़ताल में पूरी ताकत से शामिल होगी। 9 को यूनियन के सभी सदस्य हड़ताल पर रहकर जिला स्तर पर होने वाले प्रदर्शन में बढ़ चढ़कर शामिल होंगे।

### चार छात्रों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन

**सोनीपत।** गेटवे इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने ओपन जिला स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया है। शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष अमित ने बताया कि निजी विवि में आयोजित ओपन डिसट्रिक्ट स्विमिंग चैंपियनशिप में काव्या ने 200 मीटर, 100मीटर और 50 मीटर फ्रीस्टाइल में कांस्य पदक, आर्यन मोर ने 100 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण, 200 मीटर में रजत और 50 मीटर बटरफ्लाई में कांस्य पदक जीते।

### राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारियों को लेकर चर्चा

**सोनीपत।** 9 जुलाई को होने वाली देशव्यापी हड़ताल की तैयारी में नगर निगम सोनीपत, हुडा विभाग, विश्वविद्यालय मुरथल एवं छोटू राम धर्मशाला सोनीपत में मजदूरों व कर्मचारियों की बैठकें हुई। जिनको सीटू व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के नेताओं ने सम्बोधित किया। हड़ताल की तैयारियों को लेकर सीटू एवं सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा का राज्य स्तरीय जत्था आया हुआ था।

### नवनियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित किया

**सोनीपत।** इनरव्हील क्लब स्वर्ण के नए सत्र का सोमवार को विधिपूर्वक शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर पूर्व क्लब प्रधान नीतू दहिया ने नव-नियुक्त क्लब प्रधान विभा कुमार को कॉलर पहनाकर उन्हें उनके पद की गरिमा सौंपी। इस दौरान 2 जरूरतमंद लड़कियों की 3 माह की फीस भी दी गई। पूर्व प्रधान ने अपने दो वर्षों के कार्यकाल का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करते हुए क्लब सदस्यों के सहयोग के लिए धन्यवाद किया।

### यशित वर्मा को पीएचडी प्रोग्राम के लिए छात्रवृत्ति

**सोनीपत।** मॉडल टाउन के निवासी यशित वर्मा ने शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। उन्हें यूनाइटेड किंगडम की विश्वप्रसिद्ध एडिनबर्ग यूनिवर्सिटी में पूर्ण वित्तपोषित पीएचडी प्रोग्राम के लिए छात्रवृत्ति प्राप्त हुई है। यह यूनिवर्सिटी यूके की शीर्ष चार संस्थानों में शामिल है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 12 जुलाई को : प्रचेता सिंह

सोनीपत। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण(डीएलएसए) के सचिव प्रचेता सिंह ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष वाणी गोपाल शर्मा के नेतृत्व में 12 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा।

### छात्र अंकुश मलिक ने प्राप्त की पांचवीं रैंक

**राई।** कजाखस्तान ग्रेपलिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित ग्रेपलिंग वर्ल्ड कप 2025 में खेल विश्वविद्यालय राई, सोनीपत के बीपीईएस द्वितीय सेमेस्टर के छात्र अंकुश मलिक ने 66 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांचवां स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता कजाखस्तान की राजधानी अस्ताना में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की गई थी।

### करीब एक सप्ताह से लिफ्ट का कार्ड खराब

# नागरिक अस्पताल में लिफ्ट खराब मरीजों को उठानी पड़ रही परेशानी

### तीमारदार मरीजों को रैंप से व्हील चेयर खींचकर ले जाने को हो रहे मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नागरिक अस्पताल में करीब एक सप्ताह से लिफ्ट खराब है। लिफ्ट का पार्ट खराब होने के चलते मरीजों और गर्भवती महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों को रैंप से व्हील चेयर पर ले जाना पड़ रहा है, जो उनके लिए काफी मुश्किल हो रहा है। परिजनों को रैंप से धक्के मारने पर मजबूर होना पड़ रहा है। जानकारी मिली है कि लिफ्ट का कार्ड खराब हो गया है। इस संबंध में देख रेख करने वाली कंपनी को अवगत करवाया गया है। बता दें कि नागरिक अस्पताल में पहली व दूसरी मंजिल पर जाने के लिए एक लिफ्ट, रैंप व सीढियां है। गंभीर रूप से बीमार मरीजों को ओपीडी में दिखाने के बाद उन्हें वार्ड में शिफ्ट किया जाता है। वहीं महिलाओं को डिलीवरी के बाद जच्चा-बच्चा को प्रथम तल पर स्थित वार्ड में भर्ती रखा जाता है। प्रथम तल पर जाने के लिए महिलाओं को लिफ्ट खराब होने के चलते रैंप से व्हीलचेयर को धक्का मारकर लेकर जाना पड़ता है। जिससे मरीजों व उनके परिजनों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। लिफ्ट कई दिनों से खराब पड़ी है।

**बंद पड़ी लिफ्ट**



**बढ़ रही परेशानी**





#### जल्द करवा दिया जाएगा ठीक

लिफ्ट के पार्ट खराब होने की जानकारी मिली है और इसकी देखरेख करने वाली कंपनी को अवगत करवा दिया गया है। जल्द ही लिफ्ट को ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि मरीजों को राहत मिल सके। *डा. संदीप लठवाल मीडिया नोडल अधिकारी।*

#### धक्का मारने पर मजबूर

*लिफ्ट खराब होने से मरीजों को काफी परेशानी हो रही है, खासकर गर्भवती महिलाओं और ऑपरेशन होने वाले मरीजों को। अस्पताल के प्रथम तक पर सर्जिकल वार्ड, जच्चा-बच्चा वार्ड व द्वितीय तल पर मेडिसिन वार्ड सहित डेंगू वार्ड स्थापित किए हुए है।*



सोनीपत। कुत्ते के काटने से घायल बच्चा। *फोटो : हरिभूमि*

## नागरिक अस्पताल में जरूरी दवाइयों की भारी कमी, रेबीज का टीका खत्म

- हर रोज करीब 80 मरीज बिना इंजेक्शन के वापस लौट रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला नागरिक अस्पताल में रेबीज का इंजेक्शन काफी दिनों से खत्म हो चुका है। हर रोज करीब 80 मरीज बिना इंजेक्शन के वापस लौट रहे है। मरीजों को मजबूरन दिल्ली व खानपुर अस्पताल तक दौड़ लगानी पड़ रही है। सोमवार को आवारा कुत्ते के काटने से घायल एक बच्चे के परिजनों को जरूरी दवाइयां नहीं मिलीं। अशोक विहार निवासी एडवोकेट अशोक भारद्वाज के बेटे को रविवार को एक आवारा कुत्ते ने काट लिया था।

परिजन उसे पहले निजी डॉक्टर के पास ले गए, जहां से उसे नागरिक अस्पताल रेफर कर दिया गया। इमरजेंसी में ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने बताया कि बच्चा स्टेज तीन की स्थिति में है और उसे टेटनस, एंटी रेबीज वैक्सीन और एंटी रेबीज सिरम तीनों इंजेक्शन लगने जरूरी हैं। हालांकि, अस्पताल में टेटनस के अलावा बाकी दोनों इंजेक्शन उपलब्ध नहीं थे। रेबीज इंजेक्शन न होने पर प्रबंधन पर उठ रहे सवालः सोनीपत नगर सुधार मंच के चेयरमैन और जिला व्यापार मंडल के प्रधान संजय सिंगला ने कहा कि एक तरफ लोग आवारा कुत्तों से परेशान हैं, वहीं दूसरी तरफ नागरिक अस्पताल में इलाज और दवाइयां नहीं मिलतीं। उन्होंने सरकार से मांग की है कि सभी जरूरी दवाइयां अस्पताल में उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने इस मामले की शिकायत स्वास्थ्य मंत्री और मुख्यमंत्री से करने की बात कही है। एक्सपर्ट्स के अनुसार स्टेज तीन और चार की स्थिति में एंटी रेबीज सिरम लगाना जरूरी होता है, लेकिन अस्पताल में यह नहीं मिलती।

#### जल्द समाधान होगा

कई दिनों से इंजेक्शन खत्म है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को जानकारी दी जा चुकी है। उम्मीद है जल्द से जल्द इंजेक्शन व अन्य दवाइयों की कमी को दूर किया जा सकेगा। प्रबंधन इस संबंध में जरूरी कदम उठाने का कार्य कर रहा है। *डा. संदीप लठवाल, मीडिया नोडल अधिकारी।*

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद

**सोनीपत।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर एक ट्रेनिंग प्वाइंट अकादमी में सेमिनार का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि संदीप राणा रहे। संदीप राणा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित जवाहर लाल नेहरू के पहले मंत्रिमंडल में उद्योग मंत्री थे और 1950 में जम्मू कश्मीर में दो विधानसभा दो निशान का विरोध करते हुए केंद्रीय मंत्रालय से त्याग पत्र दे दिया था। यह कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी बृजेश कौशिक के नेतृत्व में कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपक ने की। दीपक हुड्डा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी हिन्दुस्तान की सेवा करते मां भारती के चरणों में शहीद हो गए। डॉ मुखर्जी अखिल भारतीय हिन्दू महासभा के प्रधान रहे व कलकत्ता यूनिवर्सिटी में वॉइस चांसलर भी थे। विकास लिपिक, अंकुश, कोमल, अंजलि, प्रीति आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साथ वक्तागण।




सोनीपत। पदक के साथ विजेता बॉक्सर अंकित दहिया।

### फायर गेम्स में अंकित ने जीता पदक

**सोनीपत।** यूनाइटेड किंगडम के बर्मिंघम शहर में 27 जून से 4 जुलाई तक वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स का आयोजन किया गया। जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के अंकित दहिया ने 86 किलो भारवर्ग में खेलते हुए भारत देश के लिए रजत पदक जीता। बॉक्सिंग कोच रोहतास ने बताया कि अंकित ने क्वार्टरफाइनल मुकाबले में कनाडा के टेलर बेयर्ड को 0-5 के स्कोर से हराकर अपने सेमीफाइनल मुकाबले में मैक्सिको के जेवियर अलेजांद्रो को 5-0 के स्कोर से हराकर रजत पदक जीतकर अपने देश व एकेडमी का नाम रोशन किया। अंकित दहिया ने इस से पहले लखनऊ में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में भी स्वर्ण पदक जीतकर अपनी एकेडमी का नाम रोशन किया हैं। वर्तमान में अंकित दहिया सशस्त्र सीमा बल में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत हैं। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व प्रधानाचार्या आशा गोयल ने अंकित दहिया को बधाई दी व भविष्य में ओर बेहतर खेल के लिए प्रेरित किया।

### विद्यार्थियों को मिलेंगे रोजगार के अवसर

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विवि साइंस एवं टेक्नोलॉजी, मुरथल के कुलगुरु प्रो श्रीप्रकाश सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की तरफ एक और कदम बढ़ाया है। बीसीए और बीबीए पाठ्यक्रम को भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत गंभीरता पूर्वक एवं लम्बी मंत्रणा के बाद विवि द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति ने छात्रों की हितों को ध्यान में रखते अंतिम रूप दे दिया है। प्रस्तावित पाठ्यक्रम के तहत अब विद्यार्थियों को बीसीए और बीबी में विशिष्ठ विषय लेने का प्रावधान रहेगा। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को इन प्रोग्रामों के तहत अंतःविषय/बहु विषयों के साथ दूसरे विभाग का माइनर कोर्स करने का भी मौका मिलेगा। अंतिम सत्र में विद्यार्थी अन्य विषयों से संबंधित ऑनर्स के साथ-साथ शोध कार्य भी कर सकेंगे। बहुतायत विकल्पों के कारण विद्यार्थियों को रोजगार के अनेक क्षेत्रों में अनेक अवसर मिलेंगे।



सोनीपत। मुरथल विवि में बैठक के दौरान उपस्थित प्रबुद्धजन।



सोनीपत। ब्राइट स्कॉलर स्कूल में विद्यार्थियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

### ब्राइट स्कॉलर स्कूल में मनाया रेड कलर-डे

**सोनीपत।** रंगों की जीवंत दुनिया से परिचय कराने के लिए, ब्राइट स्कॉलर स्कूल में प्ले ग्रुप और पीपी 1 के नन्हे विद्यार्थियों द्वारा लाल रंग दिवस का जश्न खुशी से मनाया गया। छात्र सुंदर लाल पोशाक पहनकर आए, अपनी चमकदार मुस्कान और उत्साह से स्कूल को जगमगा दिया। उन्हें लाल रंग की पहचान करने और उससे जुड़ने में मदद करने के लिए कई मजेदार गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें लाल थीम वाली पेंटिंग, लाल वस्तुओं को छांटना, प्रकृति और आस-पास की चीजों को देखना और इंटरेक्टिव स्टोरीटेलिंग सेशन में भाग लेना शामिल था। कक्षाओं को खिलौनों और कटआउट से सजाया गया था, जिससे एक जीवंत और उत्तेजक सीखने का माहौल बना। इस उत्सव ने न केवल उनके रंग पहचानने के कौशल को बढ़ाने में मदद की, बल्कि रचनात्मकता, अवलोकन और आनंदपूर्ण भागीदारी को भी प्रोत्साहित किया।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान संस्था के पदाधिकारी छात्र एवं शिक्षकगण।

### पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का आग्रह

**सोनीपत।** संगत समतावाद सोनीपत द्वारा आज राजकीय माध्यमिक विद्यालय जाट जोशी सोनीपत में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मातृ-पितृ स्मृति स्वरूप वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और माता-पिता के प्रति सम्मान प्रकट करना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्रों और शिक्षकों ने वृक्षारोपण में सक्रिय भाग लिया और वृक्षों के महत्व पर चर्चा की। संगत समतावाद सोनीपत के सदस्यों ने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी से पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का आग्रह किया। संगत समतावाद सोनीपत की कार्यकारी अध्यक्षा अनिता ढल ने बताया यह कार्यक्रम निश्चित रूप से पर्यावरण संरक्षण और माता-पिता के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

## आरपीएस के ईशान और अंशुल ने इंडिया लेवल पर किया नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस महेंद्रगढ़ के दो विद्यार्थी ईशान व अंशुल ने इंडियन स्टैटिसटिकल इंस्टीट्यूट कोलकाता द्वारा आयोजित बैचलर आफ मैथमेटिक्स प्रवेश परीक्षा में अपनी केटैगरी में आल इंडिया लेवल पर दूसरी व तीसरी रैंक प्राप्त कर अपने विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दोनों चयनित विद्यार्थी इंडियन स्टेटिस्टिकल इंस्टीट्यूट कोलकाता में फ्री रिसर्च करेंगे। साथ में इन दोनों विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन लेवल पर 5 हजार व पोस्ट ग्रेजुएशन लेवल पर 8 हजार रुपये प्रति माह स्टाइफंड मिलेगा। ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव तथा प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने बधाई देते उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि आरपीएस आज अभिभावकों के विश्वास के पर बच्चों के सपनों को साकार करने का उचित मंच बन चुका है। उन्होंने कहा कि अपना लक्ष्य निर्धारित कर शिक्षकों के मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत करें, निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। ग्रुप के सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने कहा कि आरपीएस की शौधपूर्ण शिक्षा के बल पर आज हर क्षेत्र में आरपीएस के बच्चे अव्वल भूमिका में नजर आ रहे हैं।






ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में वन महोत्सव सप्ताह के समापन समारोह में हिस्सा लेते नौनिहाल

### वन संरक्षण की शपथ दिलाई

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में वन महोत्सव सप्ताह का आयोजन धूमधाम से किया गया। स्कूल में सोमवार को वन महोत्सव सप्ताह के समापन अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने लघु नाटिका, कविता व गीत के माध्यम से जीवन में पेड़ों का महत्व बताया तथा वन संरक्षण का संदेश दिया। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन, प्राचार्या गीता चोपड़ा व उप प्राचार्या रूना दास ने छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाया। समारोह में स्कूल के शिक्षकों व छात्र-छात्राओं को वन संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि जीवन बिना वन के संभव नहीं है। धरती मां का श्रृंगार पेड़-पौधे हैं। ग्लोबल वार्मिंग को रोकने और धरती को फिर से बेहतर बनाने के लिए हमें पौधे लगाने ही होंगे।

### पहली लिस्ट जारी हो चुकी फीस भरने की अंतिम तिथि आज

# महिला विवि की दूसरी मेरिट लिस्ट दस को लगेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां में स्नातक में प्रवेश के लिए पहली मेरिट लिस्ट 5 जुलाई को जारी हो चुकी है। इसकी फीस भरने की अंतिम तिथि 8 जुलाई है। विवि के निदेशक जनसंपर्क लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. अनिल बल्हारा ने बताया कि बीए इंग्लिश ऑनर्स की ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी कट ऑफ 94.80 प्रतिशत तथा हरियाणा ओपन जनरल कैटेगरी कट ऑफ 86. 40 प्रतिशत रही। बैचलर इन होटल मैनेजमेंट की ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी कट ऑफ 91 % तथा हरियाणा ओपन जनरल कैटेगरी कट ऑफ 73. 40 % रही। बीए इकोनॉमिक्स ऑनर्स की ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी कट ऑफ 95 % तथा हरियाणा ओपन जनरल कैटेगरी कट ऑफ 86. 60 % रही। बीकॉम ऑनर्स की ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी कट ऑफ 93.40 प्रतिशत तथा हरियाणा ओपन जनरल कैटेगरी कट ऑफ 91. 40 प्रतिशत रही। बीए एलएलबी की ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी कट ऑफ 97.20 प्रतिशत तथा हरियाणा ओपन जनरल कैटेगरी कट ऑफ 94 प्रतिशत रही। बीबीए एलएलबी की ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी कट ऑफ 93.20 प्रतिशत तथा हरियाणा ओपन जनरल कैटेगरी कट ऑफ 82 प्रतिशत रही। बी वॉक फैशन टेक्नोलॉजी की ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी कट ऑफ 90.20 प्रतिशत तथा हरियाणा ओपन जनरल कैटेगरी कट ऑफ 85.60 प्रतिशत रही। बीपीईएस की ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी कट ऑफ 94.40 प्रतिशत तथा हरियाणा ओपन जनरल कैटेगरी कट ऑफ 76.40 प्रतिशत रही।

बीबीए की ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी कट ऑफ 94 प्रतिशत तथा हरियाणा ओपन जनरल कैटेगरी कट ऑफ 89.60 प्रतिशत रही। बीएससी होम साइंस की ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी कट ऑफ 87.80 प्रतिशत तथा हरियाणा ओपन जनरल कैटेगरी कट ऑफ 76.80 प्रतिशत रही। बीएससी लाइफ साइंस की ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी कट ऑफ 92.60 प्रतिशत तथा हरियाणा ओपन जनरल कैटेगरी कट ऑफ 89 प्रतिशत रही। बीएससी फिजिकल साइंस की ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी कट ऑफ 96.20 प्रतिशत तथा हरियाणा ओपन जनरल कैटेगरी कट ऑफ 85.40 प्रतिशत रही। डॉ. बल्हारा ने बताया कि दूसरी मेरिट लिस्ट 10 जुलाई को लगेगी।



गोहाना। दाखिला प्रक्रिया में भाग लेते हुए छात्राएं। *फोटो : हरिभूमि*



### राष्ट्रव्यापी हड़ताल होगी ऐतिहासिकः सुरेश यादव

**गोहाना।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन की बैठक सोमवार को गोहाना में बरोदा रोड स्थित शहरी कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में बिजली कर्मचारियों की 9 जुलाई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल के लिए कर्मचारियों को जिम्मेवारियां सौंपी । अध्यक्षता यूनिट प्रधान नितेश शर्मा ने की व संचालन वीरेंद्र चोपड़ा ने किया। सर्व कर्मचारी संघ की गोहाना इकाई के सचिव व ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन की राज्य कमेटी के नेता सुरेश यादव ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों को पूरा करवाने के लिए केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल होगी।

**राजकीय माध्यमिक विद्यालय गन्नौर मंडी (3525)**
ई-मेल: gmsganaurmandi1@gmail.com
यूडाईस कोड: 06080302605

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रा.मा.वि. गन्नौर मंडी (3525) जिला सोनीपत में (MDM) Mid day Meal में खाना बनाने के लिए एक पद कुक की आवश्यकता है। इसके लिए आवेदक अपने आवेदन को 10.07.25 तक मु. अ. रा. मा. वि. गन्नौर मंडी (3525) के पास कार्यालय में जमा करवाएं। विभाग के सभी नियमों का पालन किया जाएगा।

हस्ता/-मु. अ. रा. मा. वि.
गन्नौर मंडी (3525) (सोनीपत)

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन 13 को

गन्नौर। स्व. लाला श्रीपाल जैन की पुण्य स्मृति में भारत विकास परिषद गन्नौर शाखा और दिशा ट्रस्ट गन्नौर के संयुक्त तत्वावधान में नई अनाज मंडी में स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए समाजसेवी अमित उर्फ मुन्ना ने बताया कि यह कार्यक्रम राष्ट्रसंत गुप्तिसागर महाराज की प्रेरणा से संपन्न होगा। शिविर में स्वैच्छिक रक्तदान, निशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद आपरेशन तथा दिव्यांगजन कृत्रिम अंग माप शिविर का आयोजन किया जाएगा। भाविप अध्यक्ष संदीप सिंघल ने अधिक से अधिक लोगों से इस नेक कार्य में भागीदारी की अपील की है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता

खरखौदा। फरमाना गांव से एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। श्याम ऋषि ने बताया कि उसका पुत्र रवि रात्रि को 8 बजे के करीब घर से बाहर गया था। लेकिन जब वह रात भर घर नहीं आया तो उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। उन्होंने अपने स्तर पर सभी जगह अपने पुत्र को तलाश किया है, लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। उन्होंने शक जाहिर किया है कि किसी ने उसके पुत्र को कहीं छुपाया हुआ है। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### चेयरमैन हीरालाल की अध्यक्षता में पालिका कार्यालय में बैठक आयोजित

# पार्षदों ने पालिका कर्मियों की कार्यशैली व कार्यों की पारदर्शिता पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



खरखौदा। बैठक में उपस्थित विधायक, चेयरमैन व पार्षद।

नगरपालिका चेयरमैन हीरालाल इंदौरा की अध्यक्षता में सोमवार को पालिका कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें पार्षदों के साथ-साथ विधायक पवन खरखौदा ने भी शिरकत की। बैठक का उद्देश्य शहर की विकास योजनाओं की पारदर्शिता, जल निकासी समस्या और कार्यों की गुणवत्ता पर केंद्रित रहा। पार्षदों का कहना था कि कई जगहों पर पुलिया टूटी पड़ी हैं। नालियों की ऊंचाई एक समान नहीं है। जिससे जल निकासी बाधित हो रही है। वहीं कुछ स्थानों पर नालियां पहले से ही टूट चुकी हैं। विधायक पवन खरखौदा ने कहा कि वह स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि शहर की एक इंच जमीन पर भी अगर अवैध कब्जा हुआ तो वह संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई से हिचकेंगे नहीं। उन्होंने शहर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने, शहर को पालीथिन मुक्त करने की दिशा में आगे बढ़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र औद्योगिक हब बन रहा है, ऐसे में सफाई का विशेष ध्यान रखें। उन्हें भी आज शहर में एक जगह सफाई करनी थी, लेकिन वह जा नहीं पाए। जिस पर नपा अध्यक्ष ने कहा कि शहर में अगर विधायक को झाड़ू उठानी पड़ रही है तो फिर नपा के सफाई कर्मचारी क्या कर रहे हैं, यह उनके लिए शर्मिंदगी की बात है। विधायक गांवों की सफाई व्यवस्था सुधरवाएं। हम शहर की सफाई का जिम्मा उठाएंगे। ठेकेदारों की कार्यशैली का मुद्दा जोरशोर से उठा।कहा गया कि गली निर्माण या पुलिया निर्माण कर रहे ठेकेदार पार्षदों व आम नागरिकों के फोन नहीं उठाते। कई जगहों पर कार्यों में ठेके के अनुरूप सामग्री नहीं लगाई जा रही है, जिससे गुणवत्ता संदेह के घेरे में है। पार्षदों ने मांग की कि टेंडर से अलग हटकर कार्य करने वाले ठेकेदारों पर जुर्माना लगाया जाए, पेमेंट रोकी जाए और उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाए। बैठक में आरोप लगाए गए कि नगरपालिका कार्यालय में कुछ बाहरी व्यक्ति कर्मियों की कुर्सियों पर बैठकर फाइलों तक पहुंच बना लेते हैं। पार्षदों की मांग थी कि सभी कर्मचारियों की बायोमेट्रिक हाजिरी अनिवार्य की जाए और सुबह 9.15 बजे व शाम 5 बजे दोनों समय उपस्थिति व्हाट्सएप ग्रुप में साझा की जाए।

#### अन्य प्रस्ताव

- *बंदरों को किस्तों में पकड़ने के बजाय अभियान चलाकर एक बार में पकड़ा जाए।*
- *नालों के लिए स्लैब मंगाए जाएं।*
- *शहर में स्ट्रीट लाइटें लगवाई जाएं।*
- *सभी वार्डों में साइनबोर्ड लगाए जाएं।*
- *हर महीने कम से कम एक या दो हाउस बैठक सुनिश्चित की जाएं।*
- *एक जांच कमेटी गठित की जाए, जो विवादित कब्जों और फर्जी की जांच करे*
- *नोटिसों की पड़ताल करे और सुधारात्मक सुझाव दे।*

#### प्रशासनिक पारदर्शिता की मांग

पार्षदों ने मांग की कि उन्हें टेंडर की कॉपी उपलब्ध कराई जाए। एस्टीमेट हाउस के सामने रखें जाएं और उनकी हार्ड कापी चेयरमैन के माध्यम से वितरित की जाए। साथ ही जो भी योजनाएं हैं, उन्हें हाउस के सामने रखा जाए व बहुमत की सहमति से आगे बढ़ाया जाए।

#### शहर की सफाई और कूड़ा प्रबंधन पर सवाल

बैठक में बताया गया कि कूड़ा उठाने वाला ट्रैक्टर समय पर नहीं आता, जिससे वार्डवासियों को परेशानी होती है। वहीं, नंदीशाला का संचालन भी सवालों के घेरे में रहा। पार्षदों ने मांग की कि संबंधित ठेकेदार का ठेका रद्द कर उसकी सिक्योरिटी राशि जब्त की जाए।

## रक्तदान करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी : वीरेंद्र



गोहाना। शिविर में रक्तदाताओं को आशीर्वाद देते हुए अतिथि एवं आयोजक।

- भागराम ट्रस्ट के साप्ताहिक शिविर में 1 महिला समेत 37 लोगों ने बटोरा रक्तदान का पुण्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

सोमवार को भागराम ट्रस्ट के साप्ताहिक शिविर में एक महिला समेत 37 लोगों ने रक्तदान का पुण्य कमाया। शिविर हर सप्ताह की भांति शहर में सोनीपत टी प्वाइंट पर भगवान परशुराम चौक में आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि बार एसोसिएशन गोहाना के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र आर्य ने कहा कि रक्तदान करना न केवल पुण्य का काम है अपितु यह हम सबकी समाज के प्रति एक नैतिक जिम्मेवारी भी है। जब किसी मनुष्य को रक्त की जरूरत पड़ती है तो उसे एक मनुष्य का ही रक्त चढ़ाया जा सकता है। रक्त को किसी फैक्ट्री में कृत्रिम रूप से भी नहीं बनाया जा सकता। ऐसे में हम रक्तदान करके किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचा सकते हैं। विशिष्ट अतिथि बादल मलिक रहे। शिविर की अध्यक्षता ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा गगनेजा ने की। संयोजन स्टार रक्तदाता सुरेंद्र विश्वास का रहा। विशेष रक्तदाताओं में पिता-पुत्र आर्मी से प्रवीन सहरावत और उनके पुत्र यश सहरावत, महिला रक्तदाता शिक्षिका मनीषा मोर और प्राचार्य बलवान सिंह ने रक्तदान किया। नियमित रक्तदाताओं में अमित भटेजा, जतिन छाबड़ा, विनय शर्मा, विशाल लाठर, संदीप गुलिया, प्रदीप, प्रवीन, गौरव शर्मा, पारस शर्मा, साहिल, गौतम और कप्तान ने रक्तदान का पुण्य कमाया। अमरजीत, अमित और मोहित ने पहली बार रक्तदान किया।

## कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों का धरना छठे दिन भी रहा जारी

- धरने की अध्यक्षता सुरेश रोहिल्ला व विजेंद्र रिवाल ने की और संचालन समेश कुमार तथा टीनू मदान ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। एचएसवीपी कार्यालय के बाहर धरना देते हुए कर्मचारी।

हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के बैनर तले कौशल रोजगार निगम कर्मचारी मंच एवं हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन के कर्मचारियों ने सोमवार को छठे दिन भी अपना रोष प्रदर्शन व धरना एचएसवीपी कार्यालय सेक्टर 15 सोनीपत पर जारी रखा। जिसकी अध्यक्षता सुरेश रोहिल्ला व विजेंद्र रिवाल ने की, संचालन समेश कुमार तथा टीनू मदान ने किया। सभा को मंच के प्रदेश महासचिव आरके नागर तथा मंच के प्रदेश कोषाध्यक्ष महावीर नागर ने संबोधित किया और बताया कि कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों की आगामी 01 वर्ष की अप्रूवल लेने के लिए तथा जॉब सुरक्षा की ज्वाइनिंग करवाने की मांग को लेकर एचएसवीपी के उच्च अधिकारियों तथा कौशल रोजगार निगम के उच्च अधिकारियों सहित एचआरडी तथा हरियाणा सरकार को अनेकों बार पत्र लिखे जा चुके हैं। 1 जुलाई से धरने पर बैठे हैं, परंतु कहीं से भी कर्मचारियों की मांगों का समाधान करने का कोई संदेश नहीं मिला है। और ना ही वार्ता के लिए बुलाया गया है। अब मजबूर होकर वे लोग 8 जुलाई को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन बड़ौली के कार्यालय सेक्टर 15 का घेराव करेंगे। इन्हीं मांगों को लेकर ज्ञापन भी देंगे।

## निर्माणाधीन शेखपुरा-पुरखास रोड क्षतिग्रस्त, वाहन चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। शेखपुरा से पुरखास रोड की उखड़ी हुई बजरी दिखाते ग्रामीण।

शेखपुरा से पुरखास तक निर्माणाधीन सड़क कुछ ही महीनों में टूटनी शुरू हो गई है। सड़क पर जगह-जगह बजरी उखड़नी शुरू हो गई है। जिससे वाहनों का चलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क के निर्माण के दौरान पीडब्ल्यूडी अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिससे बारिश के मौसम में सड़क खराब हो गई है। स्कूली बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव के लोगों ने संबंधित विभाग से सड़क निर्माण की जांच कर उसे ठीक ढंग से बनवाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द सुधार नहीं किया गया तो वे सीएम विंडो पर शिकायत करेंगे। वहीं विभाग का कहना है कि अभी सड़क पर कोल-तार की पहली परत ही बिछाई गई है। जेई नवनीत ने बताया कि अभी सड़क पर कोल-तार की पहली परत बिछाई गई है। यदि डामर उखड़ा है तो उसकी मुरम्मत करवाई जाएगी।

## ऋषिपाल सैनी ने रखी हेल्थ केयर वर्कर बोर्ड के पुनर्गठन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें डॉ. ऋषिपाल सैनी का स्वागत करते हुए डॉ. महिंदर वर्मा एवं अन्य।

सोनीपत में जागृति धाम मंदिर, सेक्टर 15 सोनीपत में एक भव्य जिला स्तरीय स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना और आरएमपी चिकित्सकों की भूमिका पर प्रकाश डालना था। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हरियाणा हेल्थ केयर वर्कर बोर्ड के पूर्व चेयरमैन एवं आरएमपी व अनुभवी चिकित्सक एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. ऋषिपाल सैनी ने विशेष रूप से शिरकत की। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर डॉ. सैनी का आरएमपी चिकित्सकों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष महिंदर वर्मा ने की। समारोह की शुरुआत में आज भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक डॉ. स्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उनको श्रद्धासुमन अर्पित कर व भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण कर की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ. महिंदर वर्मा ने की। डॉ. सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार से हेल्थ केयर वर्कर बोर्ड के पुनर्गठन की मांग करते हुए कहा कि इससे न केवल चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ेगी, बल्कि हजारों अनुभवी चिकित्सा कर्मियों को सामाजिक और सरकारी स्तर पर उचित स्थान भी मिल सकेगा। इस मौके पर संरक्षक डॉ. महिंदर वर्मा, डॉ. देशराज काम्बोज, डॉ. राकेश नरवाल, सुरेश मलिक, कुलदीप, डॉ. जोगिंदर वर्मा रामपुर, डॉ. संजीव कश्यप आदि मौजूद रहे।

### मेहनत और समर्पण से हासिल किया सीए बनने का सपना

सोनीपत। श्याम नगर, ककरोई चौक निवासी रजत मदान ने चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) की कठिन परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रजत ने दिल्ली विश्वविद्यालय के खालसा कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई पूरी की और 12वीं कक्षा के बाद ही सीए बनने का लक्ष्य तय कर लिया था। रजत ने बताया कि इस सपने को साकार करने के लिए उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी बनाई और प्रतिदिन 10 घंटे की पढ़ाई को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाया। उन्होंने कहा कि इस पूरी यात्रा में उनके माता-पिता गुलशन मदान और शशि मदान ने हर मोड़ पर उनका मनोबल बढ़ाया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। रजत ने कहा, यह सफर कठिन जरूर था, लेकिन अब जब मैं एक चार्टर्ड अकाउंटेंट बन चुका हूँ, तो यह गर्व और खुशी का क्षण है।

## पुलिस व नपा चलाएगी अवैध अतिक्रमण को लेकर अभियान

- समाधान शिविर में एसडीएम ने आदेश किए जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



प्रदीप खर्ब।

नगरपालिका क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण और यातायात जाम की समस्या को लेकर प्रशासन सख्त हो गया है। समाधान शिविर में एसडीएम प्रवेश कादियान ने नगरपालिका व पुलिस अधिकारियों को आदेश दिए कि बाजार और सार्वजनिक स्थानों पर हो रहे अतिक्रमण को तुरंत हटाया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बार-बार चेतावनी के बावजूद यदि रेहड़ी संचालक, दुकानदार और वाहन मालिक अतिक्रमण करते पाए गए तो पुलिस व नगरपालिका की संयुक्त टीम सख्त कार्रवाई करेगी। नगरपालिका सचिव प्रदीप खर्ब ने भी अपील करते हुए कहा कि बाजार में अवैध रूप से दुकान का सामान सड़क पर रखना, रेहड़ियां लगाना और वाहनों को गलत तरीके से पार्क करना यातायात बाधित करता है। इससे आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सभी दुकानदार व वाहन मालिक स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा लें ताकि कार्रवाई की नौबत न आए। इससे जाम व अव्यवस्था की समस्या से राहत मिलेगी।

## विधायक ने सुनीं लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

- जनता दरबार में 300 से ज्यादा शिकायतें हुई प्राप्त



गन्नौर। विधायक देवेन्द्र कादियान जनता दरबार में लोगों की समस्या सुनते हुए।

सोमवार को देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी कार्यालय परिसर में विधायक ने जनता दरबार लगाकर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। दरबार में करीब 300 से ज्यादा शिकायतें आईं। इनमें अधिकतर बिजली निगम से जुड़ी थीं। मौके पर एक्सईएन प्रदीप लोहरा, सिटी एसडीओ रवि खोखर और सब अर्बन एसडीओ अभिषेक मौजूद रहे। खेतों के एपी कनेक्शन, नया ट्रांसफार्मर और केबल बदलवाने जैसी समस्याएं सुनी गईं। अधिकारियों ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया। गांव से जुड़ी समस्याओं को बीडीपीओ राजेश टिवाना ने नोट किया। कई शिकायतों का विधायक ने मौके पर ही निपटारा किया। लोगों को भरोसा दिलाया कि समाधान जल्द होगा। विधायक कादियान ने बताया कि गन्नौर के विकास को लेकर जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। हाईवे किनारे बंद पड़ा बस स्टैंड कंडम घोषित हो चुका है। अब इसे गिराकर आधुनिक बिल्डिंग बनाई जाएगी। यहां कॉम्प्लेक्स भी बनेगा। अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी का काम तेजी से चल रहा है। 50 प्रतिशत काम पूरा होने को है। 14 जुलाई को प्रगति रिपोर्ट जानने के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी का दौरा प्रस्तावित है। विधायक ने कहा कि सरकार मंडी का काम जल्द पूरा कर इसे शुरू करना चाहती है। मंडी में सभी सुविधाएं होंगी। किसानों को फल-सब्जी बेचने के लिए बड़ा प्लेटफार्म मिलेगा। रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे।

### शिवा शिक्षा सदन का ख्वाहिश बना चार्टर्ड अकाउंटेंट



ख्वाहिश।

सोनीपत। शिवा शिक्षा सदन, सोनीपत के 2018 बैच के पूर्व छात्र ख्वाहिश ने हाल ही में घोषित चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर अपने माता-पिता, गुरुजनों, विद्यालय और पूरे समाज का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र बंसल ने इस अद्भुत उपलब्धि पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, ख्वाहिश की यह सफलता वास्तव में हम सबके सामूहिक प्रयासों की उपलब्धि है, जिसमें शिक्षकों की निस्वार्थ मेहनत, अभिभावकों का अटूट विश्वास और छात्र का दृढ़ निश्चय एक साथ जुड़ते हैं। विद्यालय की प्राचार्या अलका विज ने ख्वाहिश को एक आदर्श विद्यार्थी बताया और कहा कि उसका अनुशासन, विषयों में गहराई तक जाने की प्रवृत्ति, समय का प्रबंधन और सीखने की निरंतर इच्छा ये सभी बातें हर विद्यार्थी के लिए अनुकरणीय हैं। ख्वाहिश की इस उपलब्धि के पीछे शिवा शिक्षा सदन के कॉमर्स विभाग की विशेष भूमिका रही, जिसमें कुलदीप रघुवंशी (अर्थशास्त्र), शालू गर्ग (अकाउंट्स), सोनम अरोड़ा (बिज़नेस स्टडीज़) और अंजू पालीवाल (गणित) शामिल रहे। विद्यालय के निदेशक अरुण बंसल ने भी इस अवसर पर गहरी प्रसन्नता जताते हुए कहा कि सीए परीक्षा को देश की सबसे चुनौतीपूर्ण और कठोर परीक्षाओं में गिना जाता है, जहां केवल शैक्षणिक दक्षता ही नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता, आत्म-नियंत्रण और लक्ष्य के प्रति अटूट समर्पण की आवश्यकता होती है।

## सुलेख लेखन प्रतियोगिता में बाल भवन स्कूल का अंशमीत और प्रत्युष प्रथम



गन्नौर। प्रतियोगिता के दौरान छात्र अपना सुलेख दिखाते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को सुलेख लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में कक्षा 4 और 5 के छात्रों ने भाग लिया। कक्षा 4 में अंशमीत ने प्रथम, समायरा ने द्वितीय व शनाया तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 5 में प्रत्युष त्यागी ने प्रथम, निहाल ने द्वितीय व शिवम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता ने विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों की लेखन क्षमता और रचनात्मकता को बढ़ावा देना है।

**मौसम** आज बूंदाबांदी के आसार, कुछ इलाकों में गिरी हल्की फुहारें

# देर रात बारिश से तापमान में गिरावट, सुबह छाई काली घटाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

रविवार देर रात हुई झमाझम बारिश ने शहर का मौसम बदल दिया। करीब दो बजे के बाद शुरू हुई तेज बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। वहीं, बारिश के कारण कई जगहों पर सड़कों पर जलभराव हो गया। हालांकि रात का समय होने और ट्रैफिक कम रहने के कारण लोगों को ज्यादा परेशानी नहीं हुई। सोमवार सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए रहे, जिससे दिन की शुरुआत ही सुहावने मौसम के साथ हुई। शहर के कुछ इलाकों में सुबह के समय हल्की बूंदाबांदी भी देखने को मिली, लेकिन बादल बरसे नहीं।

#### क्या कहते हैं मौसम वैज्ञानिक

मौसम वैज्ञानिक डॉ. प्रेमदीप ने बताया कि रविवार की रात की बारिश स्थानीय प्रभाव के कारण हुई। फिलहाल मानसून की सक्रियता सीमित है, लेकिन मंगलवार से जिले के कुछ हिस्सों में बूंदाबांदी की संभावना बनी हुई है। उन्होंने कहा कि बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से नमी आने की स्थिति में मानसून और अधिक सक्रिय हो सकता है। डॉ. प्रेमदीप के अनुसार, वर्तमान में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से 2-3 डिग्री नीचे दर्ज किया गया है। उन्होंने किसानों को सलाह दी है कि वे आगामी मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए ही फसलों में सिंचाई या खाद डालें।

## जलभराव की समस्या से निपटने के लिए सफाई कार्य जोरों पर




गन्नौर। जेसीबी से नालों पर रखे स्लैब हटाकर नालों की सफाई करते सफाई कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

वर्षा के मौसम में शहर में जलभराव न हो और लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो इसको ध्यान में रखते हुए नगरपालिका ने शहर के नालों की सफाई का कार्य शुरू कर रखा है। नपा सचिव प्रदीप खर्ब ने बताया कि वर्षा के समय शहर में कही पानी का भराव न हो इसके लिए उन्होंने मानसून से पहले शहर के सभी नालों की सफाई का कार्य चलवा रखा है। इसके लिए नगरपालिका ने टैंडर लगाकर दो महीने के लिए निजी एजेंसी को दो महीने तक जेसीबी से नालों की सफाई करवाने का टेंडर दे रखा है। इसके लिए स्थानीय विधायक देवेन्द्र कादियान के निर्देश पर शहर में सभी नालों की सफाई का कार्य किया जा रहा है। नपा सचिव प्रदीप ने बताया कि नगर पालिका द्वारा रेलवे रोड़ पर नालों की सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जेसीबी के द्वारा नालों में से अवरोध हटाया जा रहा है, जिससे वर्षा में नालों में पानी का प्रवाह बना रहे और मौहल्लों में जलभराव की समस्या न हो। इसके अलावा कालोनियों के नाले, नालियों की सफाई कर्मचारियों द्वारा कराई जा रही है।